हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल

सी.बीसी.एस. सम (Even) सेमेस्टर/वार्षिक (मुख्य/व्या0) परीक्षा आवेदन–पत्र (मुख्य एवं अंकसुधार) 2020

हे0न0ब0 विश्वविद्यालय के आदेश संख्याः–हे0न0ब0ग0वि0वि0/परीक्षा/2020/2154 दिनांक 01/05/2020 के क्रम में कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण व लॉकडाउन अवधि चलते विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों के अनुपालन करते हुए, परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अन्तर्गत मुख्य/व्यावसायिक परीक्षायें एवं अंकसुधार परीक्षायें (सम सेमेस्टर) के परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने की तिथि **10/06/2020** तक विस्तारित की जाती है। छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर login कर विस्तारित तिथि तक अपना परीक्षा आवेदन–फार्म भर सकते हैं।

छात्र–छात्राओं को यह भी सूचित किया जाता है कि आवेदन फॉर्म की हार्ड कॉपी (Hard Copy) को जमा कराना अनिवार्य नही है। साथ ही महाविद्यालय/संस्थान/परिसरों से अनुरोध किया जाता है कि छात्र–छात्राओं की रोललिस्ट प्रमाणित कर विश्वविद्यालय को ई–मेल (hnbgucoe@gmail.com or drexamhnbgu@gmail.com) के माध्यम से दिनांक **20/06/2020** तक उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

यदि किसी छात्र/छात्रा को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र संबंधित महाविद्यालय/संस्थान/परिसर से सम्पर्क करें अथवा कोर्डिनेटर ईग्वर्नेस की मेल आईडी hnbguegovernance@gmail.com पर मेल करके समाधान पा सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर–गढ़वाल
(केन्द्रीय विष्वविद्यालय)

पत्रांकः हे0न0ब0ग0वि0वि0/परीक्षा/2020/2157 | 18 मई 2020

प्रतिलिपिः

1. सम्पादक, दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/शाह टाइम्स/राष्ट्रीय सहारा को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि छात्र हित में उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार–पत्रों में निशुल्क प्रकाशित करने की कृपा करें।
2. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक विश्वविद्यालय परिसर/निदेशक/प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. प्रभारी, मान्यता को इस आशय से प्रेषित कि कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं संस्थानों की पाठ्यक्रम एवं स्वीकृत सीटों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि उक्त तिथिवार परीक्षा आवेदन–पत्र छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु ऑनलाइन करने का कष्ट करें।
5. अनुभागीय अधिकारी एवं प्रभारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रौललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर ईग्वर्नेस को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे संबंधित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करे। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्यापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
6. वित्त अधिकारी/उप कुलसचिव (मुख्य परीक्षा)/प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून/प्रभारी अति गोपनीय के सूचनार्थ प्रेषित।
7. परीक्षा नियत्रंक, मुख्य/व्यावसायिक परीक्षा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर प्रसारित करें।
9. निजी सचिव कुलसचिव–गार्डफाइल में संकलनार्थ प्रेषित।
10. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय – माननीय कुलपति महोदया जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
11. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

परीक्षा नियंत्रक